बिहार सरकार
वित्त विभाग।

संकल्प

विषयः– वित्त विभाग के अन्तर्गत श्री ओम प्रकाश झा (संविदा पर कार्यरत), बजट सलाहकार द्वारा धारित 'बजट सलाहकार' के पद एवं उनकी संविदा अवधि 02 (दो) वर्षों के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति के संबंध में।

राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों का नियमन, लोक वित्त का प्रबंधन एवं उपलब्ध संसाधनों का कुशलतम उपयोग सुनिश्चित करने में वित्त विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त मामलों में वित्त विभाग परामर्शी विभाग भी है। विभाग में बजट निर्माण की जटिल प्रक्रिया के अन्तर्गत बजटीय कार्य में संलग्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मार्गदर्शन, उनकी क्षमता संवर्धन तथा बजट निर्माण के अनुश्रवण हेतु विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–7655 दिनांक–12.08.2022 द्वारा **बजट सलाहकार** का एक पद दो वर्षों के लिए सृजित किया गया था। विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–11594 दिनांक–24.10.2024 द्वारा बजट सलाहकार के पद को बनाये रखने हेतु अगले दो वर्षों के लिए (दिनांक–06.11.2026 तक) अवधि विस्तारित की गयी।

2. उक्त पद के सृजन से लोक वित्त से संबंधित नीति निर्माण करने, अन्य विभागों को परामर्श देने तथा बजट निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों को मार्गदर्शन करने में इन मामलों के विशेषज्ञ श्री ओम प्रकाश झा, संविदा पर कार्यरत बजट सलाहकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तथापि पदाधिकारियों/कर्मियों के कौशल को और भी उन्नत किये जाने हेतु आगे भी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

3. बजट सलाहकार के पद पर श्री ओम प्रकाश झा के संविदा नियोजन अवधि विस्तारित किये जाने के फलस्वरूप वार्षिक व्यय भार रु० 14,16,708 (चौदह लाख सोलह हजार सात सौ आठ रूपये) मात्र अनुमानित है।

4. उक्त के आलोक में वित्त विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत संविदा पर कार्यरत श्री ओम प्रकाश झा, बजट सलाहकार द्वारा धारित **'बजट सलाहकार'** के पद एवं श्री झा की संविदा अवधि उनके योगदान की तिथि से अगले 02 (दो) वर्षों के लिए विस्तारित की जाती है।

5. प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक दिनांक–13.10.2026 में वित्त विभाग के अंतर्गत 'बजट सलाहकार' के सृजित एक पद का दो वर्षों के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

6. इसमें मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक–10.11.2026 में मद सं०–20 के रूप में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

RMandal
13-11-2026

(राम चन्द्र मंडल)
सरकार के अवर सचिव

sankalp/RCM/2026

ज्ञापांक–1/स्था०(ले०से०)–08/2022 – 10397/वि०, पटना, दिनांक–13.11.2026

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग, ई–गजट प्रशाखा, बिहार, पटना को बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. श्रीमती रश्मि रेखा, सिस्टम एनालिस्ट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

RMandal
13-11-2026
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–1/स्था०(ले०से०)–08/2022 – 10397/वि०, पटना, दिनांक–13.11.2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

RMandal
13-11-2026
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–1/स्था०(ले०से०)–08/2022 – 10397/वि०, पटना, दिनांक–13.11.2026

प्रतिलिपिः–मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/सभी प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी पदाधिकारी, वित्त विभाग/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

RMandal
13-11-2026
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–1/स्था०(ले०से०)–08/2022 – 10397/वि०, पटना, दिनांक–13.11.2026

प्रतिलिपिः–श्री ओम प्रकाश झा, बजट सलाहकार (संविदा), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

RMandal
13-11-2026
सरकार के अवर सचिव